# शादी की पत्रिका बांटकर आ रहे एसआई को नकाबपोश बदमाशों ने मारी गोली

**खंडवा (निप्र)।** मंगलवार दोपहर अपने बेटे की शादी की पत्रिका बांटने जा रहे पुलिस सब इंस्पेक्टर को अज्ञात मोटरसाईकिल सवारों द्वारा गोली मारने से सनसनी फैल गई। गौरतलब हो कि बुरहानपुर अजाक थाने में पदस्थ एसआई के. के. अग्रवाल जो कि पूर्व में खंडवा एटीएस में भी अपनी सेवाएं दे चुके है। मंगलवार को शादी की पत्रिका देने खंडवा से हरसूद गए थे। हरसूद से लौटते समय ग्राम रजूर के पास अचानक मोटरसाईकिल पर आए दो नकाबपोश बदमाशो ने गोली मारी दी। गोली एसआई अग्रवाल की कमर के पिछल्ले हिस्से में लगी। अग्रवाल को रोड़ पर गिरा देख आ रहे कार चालक ने अपनी कार से घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम करीब साढ़े चार



बजे उनके साथ यह हादसा हुआ।

**बेटे की शादी तैयारी में जुटे थे एसआई** -गौरतलब हो कि बेटे की शादी के चलते एसआई अग्रवाल 15 दिन के अवकाश लेकर शादी की तैयारियों में जुटे थे। जिला अस्पताल के डॉक्टरों और परिजनों के अनुसार उनकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। अग्रवाल को कमर पर एक गोली मारी गई,जो कि उनके कमर के बेल्ट से टकराई।

**मामले की जांच में जुटी पुलिस-** घटना की जानकारी लगते ही मामले की जांच करने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर भी हॉस्पिटल पहुंचे जहां उन्होंने घटना की जानकारी लेते हुए बताया कि बुरहानपुर में पदस्थ एसआई अग्रवाल सिविल लाईन स्थित अपने निवास से बेटे की शादी की पत्रिका बांटने निकले थे। हरसूद से वापस पुनः लौटते वक्त उन्होंने एक ढाबे पर खाना खाया जिसके बाद वापस लौटते समय अज्ञात बदमाशों ने ग्राम रजूर के समीप उन्हे गोली मारी मामले को गंभीरता से लेते हुए घटना के सभी बिन्दुओं की जांच की जा रही है।

## राष्ट्रगान और मप्र गान से हुई बैठक की शुरुआत

# नपा परिषद बैठक में अनेक विषयों पर हुई चर्चा

**हरदा, (निप्र)।** नगर पालिका परिषद के वातानुकूलित सभाकक्ष में परिषद की बैठक की कार्यवाही हरदा नगर पालिका अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन के द्वारा राष्ट्रगान एवं मध्यप्रदेश गान से की गई । बैठक की कार्यवाही के दौरान पार्षद सदस्य किरण अग्रवाल, अनिता राठौर, लक्ष्मी शर्मा, विनिता मोर्य, ममता गुर्जर, राधिका चोलकर, निकिता शर्मा, लीना चावड़ा, अनिता अग्रवाल, पुष्पा राठौर, यशोदा गीते, विबेक बादर, मनोज महलवार, ओमप्रकाश मोरछले, दलजीतसिंह खनूजा, लक्ष्मीनारायण पटेल, लक्ष्मण सिटोले, दुर्गेश सोनी, संजय लोकवानी, दिलावर खान, हिमांशु सावरे, मुन्ना पटेल, दीपाली गार्गव, धर्मेन्द्र माली उपास्थित रहे। बैठक के विषयों को परिषद की बैठक में प्रकरण पटल पर रखा गया। बैठक के दौरान पूर्व में ही कांग्रेश पार्षद सईद खान (मुन्ना पटेल) द्वारा अपने आपत्ति को लेकर नपाध्यक्ष सुरेन्द्र जैन एवं सीएमओ दिनेश मिश्रा को पत्र दिया गया । जिसमें नलकूल खनन कराये जाने एवं विधुत लाईन को शिफ्ट कराये व नपा द्वारा दुकान,भवन निलामी को लेकर आपत्ति ली गई । नपाध्यक्ष सुरेन्द्र जैन द्वारा पार्षद मुन्ना पटेल को संतुष्ट करते हुऐ व पूर्ण जानकारी देते हुऐ बताया कि नलकूल खनन के सबंध में जिन वार्डो में पर्याप्त पेयजल की पूर्ण व्यवस्था है या फिर जिन वार्डो में माँ नर्मदा जल आवर्धन योजना की पाईप लाईन है उन क्षैत्रो में शासन के निदेर्शानुसार नल कूप खनन नही कराये जा सकते।



तदपश्चात विद्युत लाईन शिफ्ट कराये जाने को लेकर बताया गया कि जिन झुग्गी झोपड़ी के ऊपर से यह विधुत लाईन गई है। उनकी सुरक्षा के देखते प्रक्रिया के अनुसार लाईन शिफ्टिंग का कार्य कराया जा रहा है। नीलामी पर आपत्ति को लेकर जानकारी देते हुऐ बताया कि नगर पालिका नीलामी की नियम एवं शर्तो के अनुसार ही कार्य करती है। जो नियम है उससे हटकर कुछ भी नही हो सकता । बैठक में विषयो पर क्रमशः चर्चा एवं विस्तृत विचार विमर्श के बाद हरदा नगर पालिका अध्यक्ष सुरेनद्र जैन द्वारा परिषद विषय क्रमांक 23 में नगर की यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत करते हुऐ बताया कि नगर के शासकीय बस स्टेंड नेताजी सुभाषचंद बोस बस स्टेंड के बाहर से ही बस संचालक अपने वाहनो का आवागमन कर रहे है। जिससे यात्रियो को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर परिषद आरटीओ इंदौर, भोपाल, होशगाबाद, देवास उज्जैन, आदि के परमिट निरस्त करने की कार्यवाही करेगी। तदपश्चात परिषद के विषयो पर क्रमशः चर्चा के बाद विषय क्रमांक 51 पर जानकारी देते हुऐ बताया कि नगर पालिका सीमा क्षैत्र में स्थित कालोनियो के रिक्त पड़े भूखंडो में गंदे पानी भरे रहने की समस्या को खत्म करने के लिये हरदा नगर पालिका द्वारा अपनी कार्यवाही की गई जिसमें 60 प्रतिशत लोगो ने अपने प्लाटो को सुरक्षित कर लिया । 40 प्रतिशत प्लाट अभी भी शेष है जिनमें गंदा पानी एकात्रित हो रहा है । ऐसे प्लाट मालिक यदि नगर पालिका हरदा के नोटिस देने या सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के पश्चात भी यदि अपना प्लाट साफ नही कराते है तो नगर पालिका द्वारा रिक्त भूखंडो को राजसात किये जाने की कार्यवाही की जावेगी। और नगर पालिका के खर्च पर सफाई का कार्य कराया जावेगा। ताकि नागरिको के स्वास्थ एवं सुरक्षा से खिलावाड़ न हो । क्योकि रिक्त पड़े भूखंडो में गंदा पानी एकात्रित हो जाने से अनेक प्रकार के संक्रामक रोग एवं अनेक तरह की बीमारिया पनपती है।

तदपश्चात बैठक की कार्यवाही में परिषद के विषयो को क्रमशः पढ़कर सुनाया गया जिस पर परिषद सदस्यो द्वारा सर्वसम्मति दी गई। और हरदा नगर पालिका परिषद द्वारा दिनांक 5 फरवरी को परिषद की बैठक में नगर विकास के कुल 73 विषयों पर परिषद द्वारा अपनी मौहर लगाई गई।





खंडवा, हरदा, इंदौर, भोपाल सहित प्रदेशभर से आए खले परिवार के सदस्य

# कुलदेवता भीलटदेव का पूजन कर ध्वजा नारियल चढ़ाए, कड़ाव प्रसाद किया

## कुलदेवी श्यामलांगी माता मंदिर निर्माण के लिए समिति का भी गठन

**खंडवा/हरदा, (निप्र)।** खले परिवार के सदस्यों को एकजुट करते हुए इस वर्ष भी कुलदेवता भीलटदेव का सामूहिक पूजन और महाआरती कर मंदिर में ध्वजा और नारियल चढ़ाने के पश्चात कड़ाव प्रसाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंदौर, भोपाल, खंडवा, हरदा सहित प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर रहने वाले खले परिवार के सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर कुलदेवी मां श्यामलांगी देवी के मंदिर निर्माण पर सभी ने साथ मिलकर चर्चा की और मंदिर निर्माण समिति का गठन भी किया गया। इस समिति के द्वारा जल्द ही कुलदेवी के मंदिर निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। जगदीश खले, संजय खले, अशोक खले (इंदौर), उदयशंकर खले (हरदा), अमित खले (रिछी वाले) ने बताया कि कुलदेवता भीलटदेव के कड़ाव प्रसाद का यह लगातार दूसरा वर्ष था। सिवनी/मालवा स्थित मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम के लिए कई दिनों से तैयारियां की जाकर अलग-अलग स्थानों पर रहने वाले खले परिवारों के सदस्यों को सूचित किया गया।

कार्यक्रम में इंदौर, हरदा, खंडवा, भोपाल सहित अन्य स्थानों पर रहने वाले खले परिवार के डेढ़ सौ अधिक सदस्य शामिल हुए, जिनमें डोंगरे उपनाम से भी कुछ लोग मौजूद थे। पूर्व से तय कार्यक्रम की रूपरेखा अनुसार तय समय पर कार्यक्रम का शुरू हुआ। संजय खले ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम संचालन की जिम्मेदारी गोविंद शर्मा को सौंपी।

**मंच पर परिचय, जताई प्रसन्नता-** भीलटदेव मंदिर परिसर में आयोजित समारोह की शुरूआत में अलग-अलग स्थानों से आए खले परिवार के सभी सदस्यों ने मंच पर आकर अपना परिचय दिया और सभी सदस्यों से एक साथ मिलकर प्रसन्नता जताते हुए कार्यक्रम के आयोजकों को बधाई दी। मौजूद सदस्यों का कहना था कि इस तरह के आयोजन हमेशा होने चाहिए। कार्यक्रम में खले परिवार की बहन-बेटियां और दामाद भी शामिल हुए।

**सभी में दिखा उत्साह-**कार्यक्रम में अपने आपको अपने ही परिवार के सदस्यों के बीच पाकर सभी में चेहरों पर प्रसन्नता दिखाई दी और उनमें इस बात का उत्साह था कि कुलदेवता के पूजन, आरती के साथ ही परिवार के साथ मिलकर भोजन प्रसादी ले रहे हैं। सभी ने मंच के अलावा भी एक-दूसरे से मिलकर अपना परिचय दिया।

**महाआरती और नर्मदाष्टक का किया पाठ-** मंच पर परिचय के पश्चात खले परिवार के सभी सदस्य कुलदेवता के पूजन के लिए एक साथ निकले। इस दौरान सभी ने भीलटदेव के जयकारे लगाए। मंदिर में मांगीलालजी खले (रिछी वाले) ने भीलटदेव का पूजन करवाया और उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा भीलटदेव की महाआरती की गई। इसके बाद मंदिर में ही नर्मदाष्टक का पाठ किया गया।

**कुलदेवी के मंदिर का प्रस्ताव पर सभी ने दी सहमति-** भीलटदेव के पूजन और महाआरती पश्चात कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए राजेंद्र खले, अशोक खले, संजय खले सहित अन्य ने खले परिवार के सदस्यों के बीच कुलदेवी मां श्यामलांगी देवी के मंदिर



निर्माण के प्रस्ताव की रूपरेखा रखी और सभी से इसके लिए सहमति मांगी। सभी ने एक स्वर में इसे स्वीकारा और मंदिर के निर्माण के लिए हरसंभव सहयोग करने की बात करते हुए अपनी सहमति दी।

**मंदिर निर्माण समिति** -कुलदेवी के मंदिर निर्माण के लिए खले परिवार के सभी सदस्यों द्वारा स्वीकृति और सहयोग किए जाने के बाद मंदिर निर्माण समिति भी गठित की गई। इस समिति का नाम रखा गया मां श्यामलांगी देवी मंदिर निर्माण समिति। समिति के अध्यक्ष के रूप में गोविंद शर्मा, खंडवा (सेवानिवृत्त अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ), सचिव उदयशंकर खले, हरदा (स्वर्ण आभूषण व्यवसायी) सहित अन्य 11 सदस्यों को शामिल किया गया।

**तत्काल जमा हुई राशि** -कुलदेवी माता के मंदिर निर्माण के लिए तत्काल की खले परिवार के सदस्यों ने राशि भी जमा करा दी और प्रति माह एक निर्धारित राशि देने की बात भी कही। वहीं खले परिवार के सभी सदस्यों ने मंदिर के लिए हर प्रकार की मदद देने की बात कही। समिति का गठन करने के बाद यह भी बताया गया कि चूंकि सभी के लिए बैंक में जाकर मंदिर निर्माण की सहयोग राशि जमा करना संभव नहीं है। इसलिए जल्दी ही एक बैंक खाता खोलकर सभी सदस्यों को इसकी जानकारी दी जाएगी और वे अपनी सुविधा अनुसार सहयोग ऑनलाइन भी जमा कर सकेंगे। इस पर सभी ने अपनी सहमति दी।

**भजन और गीतों की प्रस्तुति दी** -कार्यक्रम में जब मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने की बात कही गई तो दूर-दूर से आए खले परिवार की महिला सदस्यों के साथ ही बहन-बेटियों ने भजनों और गीतों की प्रस्तुति दी। जिसकी सभी ने प्रशंसा की।

**संक्रांति उत्सव मनाया** -इस अवसर पर मकर संक्रांति पर्व भी मनाया गया। सभी महिलाओं को शर्मा परिवार (खंडवा) द्वारा हल्दी-कुमकुम कर उपहार दिए गए। कार्यक्रम के लिए गोविंद शर्मा की पुत्रवधु द्वारा विदेश में रहते हुए भी कुलदेवी और कुलदेवता के प्रति श्रद्धा का भाव पेश करते हुए समस्त सामग्री ऑनलाइन उपलब्ध कराई।

**12 जनवरी 2020 को अगला कार्यक्रम-**कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार मानते हुए संजय खले बताया कि इस आयोजन में उपस्थित सभी सदस्यों का सहयोग रहा। साथ ही उन्होंने बताया कि अगला कार्यक्रम 12 जनवरी 2020 को आयोजित किया जाएगा।

## खंडवा जंक्शन से मिलेगी शहर को नई दिशाएं

खंडवा। खंडवा रेलवे स्टेशन के विकास कार्यो के चलते यात्रियो को सुविधाएं मिलेगी साथ ही शहर की ट्राफिक व्यवस्था भी सुधरेगी। प्लेटफार्म नं. 6 के निर्माण, विस्तार का कार्य रेलवे ने शुरू कर दिया है। अब इस दिशा की ओर सकुर्लेटिंग एरिया के निर्माण, विस्तार को भी मंजूरी मिल गई है। रेल समिति सदस्य मनोज सोनी ने बताया कि प्लेटफॉर्म नं. 6 के विस्तार की लंबे समय से मांग की जा रही थी, आखिर में रेलवे ने इस मांग को मान लिया और प्लेटफॉर्म नं. 6 के लिये 2.80 करोड़ की लागत से प्लेटफॉर्म को हाई लेवल करने, फ्लोरिंग, शेड लगाने का कार्य किया जाएगा। यहां 2 टिकट खिड़की, साधारण श्रेणी प्रतीक्षालय 31 लाख की लागत से बनाएं जाएंगे। प्लेटफॉर्म 6 की ओर से सिविल लाइन क्षेत्र को जोड? की भी मांग की गई थी। सांसद नंदकुमार सिंह चौहान ने भी रेल मंत्री को पत्र लिखा था। इस पर भुसावल मंडल ने प्लेटफॉर्म नं. 6 से सिविल लाइन की ओर से शहरवासियों की खंडवा स्टेशन पर आवाजाही आसान बनाने के लिये 3 करोड़ की लागत से सकुर्लेटिंग एरिया के निर्माण, विस्तार को मंजूरी दे टेंडर जारी कर दिये है। इसमें पुराने रेलवे के क्वार्टर हटाकर परिसर को विस्तार दिया जायेगा। नाले की पुलिया बनाने सहित यहां हरियाली कर सौंदर्यीकरण किया जायेगा, ऑटो स्टैंड बनाया जाएगा। एक माह में वर्क ऑर्डर जारी कर कार्य शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इसके बाद प्लेटफॉर्मो नं. 6 की ओर से एक रास्ता सिविल लाइन की ओर से निकलेगा।

# टू-व्हीलर चालकों पर सख्ती, भारी वाहनों चालकों पर मेहरबानी क्यों?

**खंडवा, (निप्र)।** यातायात सुरक्षा सप्ताह के शुभारंभ के कुछ घंटे बाद ही दुर्घटना में तीन की मौत हो जाना कई सवाल को खड़े कर रही है। लोग अब सोशल साइट पर अपने विचार रख रहे हैं। शहर में ऑटो डील संचालकों के द्वारा सड़कों पर कब्जा कर अपनी दुकानदारी चलाने को लेकर लोग अपना आक्रोश तो निकाल रहे हैं साथ ही शहर में बिगड़े हुए यातायात को लेकर क्षेत्रवार प्रशासन से कार्रवाई की आशा भी कर रहे हैं। यातायात विभाग द्वारा चालानी कार्रवाई में रिकार्ड



तोड़ उपलब्धि तो बनाई है, लेकिन रहवासी क्षेत्रों में भारी वाहन घुसने को लेकर अभी तक कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की गई है। स्कूली बच्चों को ढोने वाले ऑटो चालकों पर भी कार्रवाई होती है जो प्रभावशाली एवं अच्छी है, लेकिन इसके अलावा सिर्फ यातायात विभाग शहर के चौराहे पर खड़े होकर टू व्हीलर चालकों पर नियम अंतर्गत चालानी कार्रवाई करते रहता है। टू-व्हीलर चालकों ने कई बार विरोध दर्ज कराया कि हम अगर नियम तोड़ रहे हैं तो आप हम पर कार्रवाई करें लेकिन जो भारी वाहन ट्रांसपोर्ट वालों के गली मोहल्लों में घुस रहे हैं उन पर कार्रवाई कब करोगे? गौरतलब हो कि सिटी कोतवाली मोघट थाना, पदमनगर थाना, यातायात थाने के सामने से ही आटो चालक क्षमता से अधिक सवारियां भरकर निकल रहे हैं, वहीं कोतवाली थाने के सामने से ही भारी डंपर गुजर रहे हैं। इक्का-दुक्का वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर दी जाती है, बाकी के साल भर सिर्फ टू-व्हीलर चालकों पर ही चालानी कार्रवाई का कहर चलता रहता है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यातायात विभाग अपने कत्र्तव्य का पालन किस तरह से कर रहा है।

**Ranjit SECURITIES LTD.**
CIN : L67120MP1994PLC008680
Regd. Off. : 317-318, Transport Nagar, Scheme No. 44, INDORE-14
Phone : 0731-4058447, 4293747, Fax : 0731-2366558
Email: compliance@ranjitsecurities.com, Website: www.ranjitsecurities.com

**NOTICE**

Pursuant to Regulation 47(1)(b) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. Notice is hereby given that the 05/2018-19 Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on **Thursday, 14th February, 2019, at 02:00 PM, at 317-318, Transport Nagar, Scheme No. 44, Indore-452 014 (M.P.)** to consider and approve the Unaudited Financial Results for the Quarter Ended 31st December, 2018.
For further details investors may also visit the website of the company **(www.ranjitsecurities.com)** and Bombay Stock Exchange **(www.bseindia.com)**

On behalf of the Board
Sd/-
Durga Ratnani
(Company Secretary cum Compliance Officer)
Place : INDORE
Date: 05.02.2019
VIGILANCE

**GORANI INDUSTRIES LIMITED**
Regd. 32-33, Sector-F, Sanwer Road, Indore (M.P.), CIN:- L28121MP1995PLC009170
website- www.goraniindustries.com, email-id- gorani.industries@yahoo.com
Telephone No.- 0731-2723201 Fax- 2723200
Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine months ended 31st December, 2018
(RS. IN LAKHS except EPS)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended | | Nine Months Ended |
|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2018 | 31.12.2017 | 31.12.2018 |
| 1 | Total Income from Operations | 621.70 | 711.60 | 1525.51 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or extraordinary items#) | 27.19 | 27.65 | 57.10 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 27.19 | 27.65 | 57.10 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 20.11 | 27.65 | 42.09 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other Comprehensive income (after tax)] | 20.11 | 27.65 | 42.09 |
| 6 | Equity Share Capital | 487.51 | 506.13 | 487.51 |
| 7 | Reserve (excluding Revaluation Reserve) as shown in the audited balance sheet of the previous year | - | - | - |
| 8 | Earnings per share (in Rs.) (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations): (a) Basic (b) Diluted | 0.41 | 0.51 | 0.86 |

Note:
A. The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Quarterly/Annual Financial Results are available on the Stock Exchange Website www.bseindia.com and on the Company' s Website www.goraniindustries.com.
B. The impact on net profit/(Loss), total comrehensive income or other relevant financial items due to changes in accounting policies shall be disclosed by means of a foot note: N.A.
C. # - Exceptional items adjusted in the statement of profit and loss in accordance with Ind-AS Rules.
D. During the current quarter the company has forfeited 562900 equity shares in the Board meeting held on 05.10.2018, due to non-payment of allotment money. Resultantly, EPS figure of quarter and Nine months ended on 31/12/2018 are not comparable with other periods.

Anil Gorani
Whole Time Director
DIN: 00065540
Place: Indore
Date: 05-02-2019

For & On Behalf of the Board
Sanjay Gorani
Managing Director
DIN:00055531

**कार्यालय संयुक्त संचालक**
**नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय इंदौर**
क्र/977/INDLP-5167/19/नग्रानि/2019 इंदौर, दिनांक 4.2.2019

**विज्ञप्ति**

म.प्र.नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के नियम 14 (3) प्रारुप (ढ) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपांतरण की दशा में आपत्तियां आमंत्रित करने हेतु सार्वजनिक सूचना

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह अधिसुचित किया जाता है कि आवेदक श्री गिरीश जैन पिता श्री गजेंद्र जैन निवासी जी एच 115-116 स्कीम नंबर 54 विजयनगर इंदौर म.प्र. द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन दिया है।

(क) परियोजना का नाम- आवासीय मल्टीफ्लेटेड डवेलिंग यूनिट उपयोग।

(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक ग्राम मायाखेडी तहसील व जिला इंदौर की भूमि सर्वे क्रमांक 71/1/1 कुल रकबा 0.146 हेक्टेयर भूमि पर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2819-2827/INDLP-4105/ 17/नग्रानि/2018 इंदौर दिनांक 6.4.2018 द्वारा आवासीय मल्टीफ्लेटेड डवेलिंग यूनिट उपयोग हेतु आवेदक श्री गिरीश जैन पिता श्री गजेंद्र जैन निवासी जी एच 115-116 स्कीम नंबर 54 विजयनगर इंदौर (म.प्र.) के नाम से स्थल अनुमोदन किया गया था।

वर्तमान में आवेदक द्वारा विषयांकित भूमि पर पूर्व स्वीकृत स्थल अनुमोदन में सम्पूर्ण नियोजन परिवर्तन करते हुए तथा भवन की ऊंचाई 12.0 मीटर के स्थान पर 18.0 मीटर प्रस्तावित करते हुए पुनः आवासीय मल्टीडवेलिंग यूनिट उपयोग हेतु संशोधित स्थल अनुमोदन हेतु म.प्र नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम की धारा 29 (3) के अंतर्गत अनुमति चाही गई है।

(ग) विकास का प्रयोजन- आवासीय मल्टीफ्लेटेड डवेलिंग यूनिट उपयोग।

(घ) स्वीकृति क्रमांक एवं दिनांक 2819-2827/INDLP-4105/ 17/नग्रानि/2018 इंदौर दिनांक 6.4.2018 पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता है तो उसे परियोजना से जुडे व्यक्तियों के हित प्रभावित होने की संभावना है।

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरण अभिन्यास का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक
वास्ते संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश इंदौर म.प्र.

**Khaitan Chemicals & Fertilizers Limited**
CIN No. L24219MP1982PLC004937
Regd. Office: A.B. Road, Village Nimrani, Tehsil Kasrawad, Dist. Khargone-451569 (M.P.)
Ph.: 0731-4237926, Fax: 0731-4753655, E-mail: khaitanchemfert@gmail.com, website: www.khaitanchemfert.com

**Statement of Unaudited Financial Results for the Quarter / Nine Months Ended December 31, 2018**
(Amount ₹ in Lacs)

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2018 | 30.09.2018 | 31.12.2017 | 31.12.2018 | 31.12.2017 | 31.03.2018 |
| | | Unaudited | | | Unaudited | | Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 8,117.74 | 11,881.52 | 9,139.62 | 28,473.93 | 26,413.04 | 35,628.77 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax & Exceptional items) | 113.51 | 554.08 | 67.51 | 1,122.62 | 238.28 | 242.01 |
| 3 | Net Profit for the period after tax & Exceptional items) | 158.50 | 285.74 | 30.22 | 748.85 | 71.84 | 164.22 |
| 4 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 162.90 | 290.03 | 30.22 | 762.04 | 70.22 | 180.30 |
| 5 | Equity Share Capital | 969.89 | 969.89 | 969.89 | 969.89 | 969.89 | 969.89 |
| | Other Equity (Reserves) | - | - | - | - | - | 12,062.82 |
| 6 | Earnings Per Share of ₹1/- each: | | | | | | |
| | Basic and diluted | 0.163 | 0.295 | 0.031 | 0.772 | 0.074 | 0.169 |
| 7 | Profit before Depreciation and Tax | 333.34 | 770.47 | 288.68 | 1,775.90 | 890.01 | 1,112.66 |

Notes: 1. The above is an extract of the detailed format of quarterly/nine months financial results filed with the stock Exchanges Under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange websites **(www.bseindia.com)** and hosted on the company's website at **(www.khaitanchemfert.com)**

By order of the board
for **Khaitan Chemicals and Fertilizers Limited**
Sd/-
**(SHAILESH KHAITAN)** Chairman & Managing Director
DIN : 00041247
Place: Gurugram
Date : February 5, 2019
VIGILANCE